उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 18(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर के बासी तहसील के अन्तर्गत गैर आबाद राजस्व ग्राम रैदाताल के 1304 काश्तकारों की जमीन पर फसलें उगाई जाती है ? | जी हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो फसली पड़ताल में कौन-कौन सी फसल खरीफ में और कौन-कौन सी फसल रबी में बोई जाती है तथा हलका के लेखपाल द्वारा क्या रिपोर्ट दी गई ? | ग्राम-रैन्दाताल चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत है। चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान प्रति वर्ष खरीफ, रबी, जायद फसलों के पड़ताल का कोई प्राविधान नहीं है। आधार वर्ष सन 1421 फसली खसरा के आधार पर राजस्व ग्राम-रैन्दाताल में खरीफ फसल धान 90.854 हे० तथा रबी फसल में गेंहूँ 83.100 हे०, मटर 0.654 हे०, मसूर 6.479 हे०, लाही 0.621 हे० बोया जाना दर्ज पाया गया है। |
| (ग) | क्या एस०डी०एम० बासी द्वारा दिये गये तालाब पट्टा धारकों द्वारा मुख्य जल निकासी के नाले में चार फिट से अधिक दीवार खड़ा कर जल निकासी को रोक दिया गया है ? | जी नहीं। |
| (घ) | क्या उक्त की जॉच कराकर हजारों किसानों की जीविका का एक मात्र सहारा खेती की फसल बर्बाद करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।